(11)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः– लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 38/2023

श्री मूंगाराम पुत्र शिवदानराम, निवासी ग्राम खारिया, पो0 घासी का बास, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं, पिन कोड 333025 वर्तमान पता मकान नं0 4/4 हाउसिंह बोर्ड, झुंझुनूं, पिन कोउ 333001, मो0न0 9413050938

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील।

आदेश

दिनांक 23.02.2023

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 07.02.2023 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 38/2023 पर दिनांक 07.02.2023 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2023/804–05 दिनांक 07.02.2023 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं ने पत्रांक रीडर/आरटीआई/2023/120 दिनांक 17.02.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि श्री मूंगाराम पुत्र शिवदानराम, निवासी ग्राम खारिया द्वारा सूचना ने अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पत्रावली संख्या 2/2002 के निर्णय दिनांक 31.03.2004 की समस्त पत्रावली की नकल चाही गई थी जिसके सन्दर्भ मे रिकार्ड कीपर द्वारा पत्रावली तलाश की गई परन्तु रिपोर्ट रिकार्ड कीपर के अनुसार उक्त पत्रावली रिकार्ड मे नही मिलने के कारण पत्रावली की तलाश करने हेतु टीम का गठन किया गया है जिसकी सूचना इस कार्यालय के पत्रांक रीडर/आरटीआई/82 दिनांक 25.01.2023 के द्वारा आवेदक को सूचित किया जा चुका है। आवेदक द्वारा चाही गई सूचना पत्रावली उपलब्ध होते ही आवेदक को सूचना की सत्यापित प्रतिलिपि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत उपलब्ध करवा दी जावेगी। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं द्वारा पत्रांक रीडर/आरटीआई/2023/120 दिनांक 17.02.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि श्री मूंगाराम पुत्र शिवदानराम, निवासी

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2023.03.15 16:56:21 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर झुंझुनूं